Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 12-05-2005

Participants : Saroj Shri Daroga Prasad

an>

Title: Need to solve drinking water problem in Lalganj Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.– Laid.

श्री दरोगा प्रसाद सरोज (लालगंज) : महोदय, मैं सदन के माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र लाल गंज जनपद-आजमगढ़, उत्तर प्रदेश में पेयजल की समस्याओं की ओर ध्यान आकृट कर रहा हूं। हमारे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत छोटी-मोटी नदियां यहां गुजरने के बावजूद जलस्तर इतना नीचे चला गया है कि जो भी हैंडपंप लगाया गया था वह जलस्तर नीचे हो जाने के कारण ठप्प पड़ गया है तथा विगत वार्षों में भीाण सूखे की चपेट में मेरा संसदीय क्षेत्र आ गया है। तालाब तथा पोखर भी सूख चुका है, जिसके चलते पशुओं की बात क्या इंसान को भी पानी नहीं मिल पा रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र लाल गंज के अंतर्गत मेंहनगर, निजामबादा, मुबारकपुर, मोहम्मदाबाद एवं लाल गंज बहुत ही घनी आबादी का क्षेत्र है। जबकि सरकार द्वारा घोाणा की गयी है, शुद्ध जल की व्यवस्था हर क्षेत्र में की जायेगी। साथ ही साथ सरकार से आग्रह करता हूं कि हमारे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सभी विधान सभा में ड्रेनों, तालाबों एवं पोखरों में बरसात के समय जल का ठहराव किया जाये जिससे पशुओं को पानी पीने को मिले तथा जलस्तर नीचे गिरने से रूके। नालों एवं पोखरों के जीर्णोद्वार के लिए ग्रामीण विकास मंत्री को पत्र लिख चुका हूं।

अत आपसे अनुरोध है कि उक्त समस्याओं पर यथाशीघ्र कार्यवाही की जाये।